

जनसंपर्क के दौरान बीर सिंह पंवार।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएवी में स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 11 व 12 को

**संवाददाता** देहरादून। डीएवी पीजी कालेज में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की एमए, एमएससी व एमकाम तृतीय सेमेस्टर की सेल्फ स्टडी परीक्षा 11 व 12 फरवरी को आयोजित होगी। कालेज के मीडिया प्रभारी डा. हरिओम शंकर ने बताया कि 11 फरवरी को विज्ञान संकाय (एमएससी) के सभी विषयों की परीक्षा होगी। इसी दिन दोपहर दो से चार बजे के बीच वाणिज्य संकाय (एमकाम) की परीक्षा होगी। 12 फरवरी को कला संकाय (एमए) के सभी विषयों की परीक्षा दोपहर दो से चार बजे के बीच होगी।

### कांग्रेस ने लक्ष्मी राणा का निष्कासन निरस्त किया

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी महासचिव लक्ष्मी राणा के स्पष्टीकरण के उपरान्त पार्टी से उनका निष्कासन तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए उन्हें जनपद पौडी गढ़वाल की लैन्सडाउन विधानसभा क्षेत्र में प्रचार–प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि लक्ष्मी राणा द्वारा प्रदेश प्रभारी देवेन्द्र यादव से वार्ता कर अपना स्पष्टीकरण देते हुए पार्टी के प्रति पूर्ण निष्ठा व्यक्त करते हुए अपना निष्कासन निरस्त करने का अनुरोध किया। लैन्सडाउन विस क्षेत्र में पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी की विजय सुनिश्चत करने में अपना योगदान करेंगी।

### आईसीआईसीआई बैंक ने 'इंस्टाबिज' को बनाया इंटरऑपरेबल

**संवाददाता** देहरादून। आईसीआईसीआई बैंक ने आज घोषणा की कि उसने 'इंस्टाबिज' को इंटरऑपरेबल बना दिया है, जिससे उसके बिजनेस बैंकिंग मोबाइल ऐप का लाभ अन्य बैंकों के ग्राहकों सहित सभी व्यापारियों को उपलब्ध हो सके। वे प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) डिवाइस के लिए डिजिटल रूप से भी आवेदन कर सकते हैं।

### एमेजॉन ने प्रोपेल स्टार्टअप एक्सलरेटर का सीजन 2 किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। एमेजॉन इंडिया ने ग्लोबल सेलिंग प्रॉपेल स्टार्टअप एक्सलरेटर के दूसरे सीजन के लॉन्च की घोषणा की। यह अभियान उभरते हुए भारतीय ब्रांड एवं स्टार्टअप्स को पूरी दुनिया में ग्राहकों तक पहुंचने के लिए समर्पित सहयोग देने के लिए डिजाईन किया गया है। स्टार्टअप एक्सलरेटर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स स्पेस में शुरुआती चरण स्टार्टअप्स को सहयोग करने के लिए डिजाईन किया गया है, ताकि वो एमेजॉन ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम की मदद से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रवेश कर भारत के ग्लोबल ब्रांड्स का निर्माण कर सकें।

# जिसमें कभी सोचा न होगा कि एक ऐसा दृष्टिपत्र तैयार हुआ

**दृष्टिपत्र**

■ उत्तराखंड के इतिहास पहली बार आम जन के सुझाव से बना दृष्टिपत्र: डॉ. रमेश पोखरियाल

**संवाददाता**

देहरादून। विमोचन से पहले पूर्व सीएम निशंक व घोषणापत्र के संयोजक डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने घोषणापत्र की खास बातें सामने रखीं। कहा कि उत्तराखंड के इतिहास में यह पहला अवसर है, जिसमें कभी सोचा न होगा कि एक ऐसा दृष्टिपत्र तैयार हुआ, जिसमें आम जनता की सहभागिता हुई है। हमने ब्लॉक स्तर तक सुझाव पेटिका रखने के बाद लोगों से सुझाव लिए हैं। उनसे पूछा है कि आप कैसा उत्तराखंड चाहते हैं। अगले 10 वर्ष उत्तराखंड के हैं।

कहा कि ये दृष्टिपत्र, उत्तराखंड को आदर्श राज्य बनाने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा। हमने ये भी देखा कि किस योजना पर कितना पैसा लगेगा और कहां से आएगा। इस दृष्टिपत्र में हर वर्ग और हर क्षेत्र को ध्यान में रखा गया है। हम हर दृष्टि से सुरक्षित देवभूमि चाहते हैं। भूमि पर अवैध कब्जे रोकने के लिए हम भू–कानून लाएंगे। पूर्व सैनिकों के कल्याण की दिशा में काम किया जाएगा। जनरल बिपिन रावत की याद में पूर्व सैनिक क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट बनाया जाएगा, जिसमें पांच लाख तक की सुविधा होगी। हम केंद्र के 6000 के साथ ही राज्य सरकार से 6000 मिलाकर किसानों को12000 रुपए देंगे।



कहा कि बागवानी के लिए 500 करोड़ और डेयरी के लिए 500 करोड़ रुपए देंगे। गढ़वाल के चार धाम की तरह कुमाऊं के मानस खंड मंदिर मिशन माला के तहत मंदिरों को व्यवस्थित करेंगे। मिशन मायापुरी के तहत हरिद्वार को आस्था और अध्यात्म का केंद्र बनाएंगे। गरीब घर और गरीब महिलाओं को साल में तीन गैस सिलिंडर फ्री देंगे। हमने 70 विधानसभा में 70 एलईडी रथ के माध्यम से 70 सुझाव पेटिका भेजी। प्रदेशभर से सुझाव आए। इसके बाद हमने सभी जिलों में बात की। हमने 13 जिलों में जाकर सबकी राय ली। महिला, नौजवान सबकी बात को हमने इसमें रखा है। कई राजनीतिक दल कमरे में बैठकर बनाते हैं, हमारा कमरे वाला घोषणापत्र नहीं है।

कहा कि यह जनता के बीच जाकर जनता के लिए बनाया गया घोषणापत्र है। हमने 2017 के घोषणापत्र को पूरा किया है। हमने अपने घोषणापत्र में पूरे सुझाव लेने के बाद, तैयार किया है। हमारा दृष्टिपत्र जनता की भावनाओं को पूरा करेगा। बीपीएल परिवारों की महिला मुखिया को 2000 रुपये प्रतिमाह, उस परिवार के बच्चों को 1000 प्रति माह अलग से दिया जाएगा। महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए 500 करोड़ की निधि रखी जाएगी। सचल चिकित्सालय शुरू किए जाएंगे, जिसमे सभी सुविधाएं होंगी।

वहीं मोबाइल अस्पतालों में जन औषधि में 190 से बढ़ाकर 400 दवाई तक दी जाएंगी। असंगठित मजदूरों को 6000 की पेंशन और पांच लाख का दुर्घटना बीमा किया जाएगा।

दृष्टि पत्र जारी करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम लव जिहाद के कानून में संशोधन कर इसे सख्त बनाएंगे, जिसमें 10 साल के कठोर कारावास का प्रावधान भी शामिल है। हम युवाओं को 50,000 सरकारी नौकरियां देंगे। यह दृष्टि पत्र राज्य को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का एक विजन है। हमारा घोषणापत्र जनता का है।

### 78 हजार लोगों के सुझाव मिले

दृष्टिपत्र की समिति के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के मुताबिक, उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के इतिहास में पहली बार अंतिम गांव व्यक्ति से दृष्टिपत्र तैयार करने के लिए सुझाव लिए गए हैं। पार्टी ने सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर और ऑनलाइन माध्यम से 78 हजार लोगों के सुझाव प्राप्त किए। बकौल डॉ. निशंक, दृष्टिपत्र में किसान, महिला, डॉक्टर, इंजीनियर, कर्मचारी, व्यापारी, उद्यमी, छात्र, युवा हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है।

# भाजपा ने कुमाऊं में स्टार प्रचारकों की उतार दी फौज

**प्रचार**

■ 11 को राजनाथ सिंह और 12 को सीएम योगी करेंगे जनसभा

**संवाददाता**

देहरादून। विधानसभा चुनाव की तिथि नजदीक आते ही राजनीतिक पार्टियों ने प्रचार को तेज कर दिया है। 11 फरवरी को घनसाली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और 12 फरवरी को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बौराड़ी स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा कर राजनीतिक माहौल गरमाएंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि 10 से 12 फरवरी तक चुनाव प्रचार अभियान को और गति देने के लिए स्टार प्रचारक उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। 11 फरवरी को घनसाली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दोपहर एक बजे चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पत्रकार वार्ता में जिला उपाध्यक्ष जयेंद्र सेमवाल, सोहनलाल खंडेवाल, शीशराम थपलियाल, केडी पुनेठा, रणवीर नौटियाल आदि मौजूद रहे।

राज्य में चुनाव प्रचार के लिए अब महज चार दिन शेष हैं। इस क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने केदारनाथ विधानसभा प्रत्याशी शैलारानी रावत के समर्थन में बुधवार को अगस्तमुनि में जनसभा की। इसके बाद जेपी नड्डा कोटद्वार में भाजपा ने पार्टी प्रत्याशी ऋतु खंडूड़ी के लिए प्रचार करने पहुंचे।

उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार आठ फरवरी को पिथौरागढ़ जिले के गंगोलिहाट में पहुंचे थे। यहां उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी की तारीफ की और कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। अब योगी आदित्यनाथ के आने से राजनीतिक माहौल गरमाएगा। उत्तराखंड में चुनाव प्रचार के मामले में बीजेपी ने बढ़त बनाई हुई है। स्टार प्रचारकों के दौरे में भाजपा अन्य पार्टियों के मुकाबले आगे है। इसके अलावा अभिनेता भी भाजपा के पक्ष में रोड शो कर रहे हैं। खटीमा में अभिनेता शक्ति कपूर ने रोड शो किया है।

### तराई में योगी भी दहाड़ेंगे

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का भी अपना अलग क्रेज है। पिछली बार भी वह किच्छा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे थे। इस बार भी उनका कार्यक्रम तय हो चुका है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 फरवरी को किच्छा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेंगे। 12 फरवरी को खटीमा में भाजपा प्रत्याशी सीएम पुष्कर सिंह धामी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। योगी भाजपा के बड़े स्टार प्रचारक हैं।

### भाजपा के घोषणापत्र में देरी पर उठाए सवाल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने भाजपा के घोषणापत्र में देरी पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसकी वजह वर्ष 2017 में किए वादों को पूरा न कर पाना है। केंद्रीय प्रवक्ता विजय बौड़ाई ने कहा कि भाजपा ने पिछले चुनाव में विजन डॉक्यूमेंट के रूप में घोषणापत्र जारी कर जनता को लोक लुभावने सपने दिखाए, जो पूरे नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब कुछ दिन बचे हैं, लेकिन भाजपा के घोषणापत्र का पता नहीं है।

यह दर्शाता है कि भाजपा के पास उत्तराखंड के लिए कोई विजन नहीं है। इसकी एक अहम वजह यह भी है कि पिछले चुनाव में भाजपा ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं कर पाई है। 100 दिनों के भीतर लोकायुक्त की नियुक्ति, एयर एंबुलेंस, महिला अपराध रोकने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट, गरीबों को सस्ती बिजली सहित तमाम वादे भाजपा भूल गई। रोजगार और पलायन जैसे अहम मुद्दों को भी वह भूल गई।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।